# संदर्शिका 5:
# कानूनी सहायता प्राप्त करें



टैकनोलजी के माध्यम से किसी के साथ भी दुर्व्यवहार, धमकी देना या पीछा नहीं किया जाना चाहिए। यह भयानक और असुरक्षित होता है, और यह गलत है। आपको सुरक्षित रहने का अधिकार है।

**यदि टैकनोलजी का प्रयोग करके आपके साथ दुर्व्यवहार, आपको नियंत्रित या भयभीत किया जा रहा है तो आप कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं।**

## कानूनी सहायता प्राप्त करें

यदि टैकनोलजी का प्रयोग करके कोई व्यक्ति आपके साथ दुर्व्यवहार, आपको नियंत्रित या भयभीत कर रहा है, तो ऐसे कानून हैं जो आपको सुरक्षित रखने में मदद दे सकते हैं।

क्योंकि प्रत्येक परिस्थिति अलग-अलग होती है, इसलिए अपनी खास परिस्थिति के बारे में कानूनी सलाह लेना महत्वपूर्ण है। यह संदर्शिका कानूनी परामर्श नहीं है, यह आपको विचार करने के लिए केवल सामान्य तथ्य ही बता सकती है

## क्या टैकनोलजी के द्वारा किया जाने वाला दुर्व्यवहार गैर-कानूनी है?

टैकनोलजी के माध्यम से किए जाने वाले दुर्व्यवहार में कई प्रकार के व्यवहार शामिल हो सकते हैं, जिनमें से कई ऑस्ट्रेलियाई कानून के तहत अपराध माने जाते हैं और इनकी सूचना पुलिस को दी जा सकती है।

ऑस्ट्रेलिया में निम्नलिखित से सम्बन्धित कानून मौजूद हैं:

- स्टॉकिंग (पीछा करना)
- धमकी भरी ई-मेल, टेक्स्ट या मैसेज भेजना
- इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर स्पाइवेयर इंस्टॉल करना
- उत्पीड़न करना
- मानहानि करना
- अंतरंग तस्वीरें साझा करना

प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र (टेरेटरी) में ऑस्ट्रेलियाई कानूनों से सम्बन्धित जानकारी (अंग्रेज़ी में) SmartSafe smartsafe.org.au/legal-guides पर पाई जा सकती है।

## प्रमाण इकट्ठा करना

किसी का पीछा करना, उत्पीड़न करना या धमकी देना ऑस्ट्रेलिया के प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र में एक अपराध है। दुर्व्यवहार को रिकॉर्ड करना और इसके प्रमाण रखने से आपको यह साबित करने में मदद मिलेगी कि अपराध घटित हुआ है। यदि ऐसा करना सुरक्षित हो, तो ऐसे तरीके से प्रमाण इकट्ठा करें जो आपके लिए सबसे सही हो।

सबसे महत्वपूर्ण बात आपकी सुरक्षा है, शारीरिक व भावनात्मक, दोनों प्रकार की सुरक्षा।

टैकनोलजी के माध्यम से किए जाने वाले दुर्व्यवहार के प्रमाण में में निम्नलिखित प्रमाण शामिल हो सकते हैं:

- स्क्रीनशॉट्स
- सेव किए गए वॉइसमेल मैसेजिस
- प्रिंट की हुई ई-मेल और सोशल मीडिया पोस्ट
- लॉग या जर्नल में लिखे गए घटना के रिकॉर्ड।

प्रमाण इकट्ठा करने के बारे में और अधिक जानकारी (अंग्रेज़ी में) eSafetyWomen esafety.gov.au/women/take-control/esafety-planning/collecting-evidence पर पाई जा सकती है।

## आप कानूनी सलाह कहाँ से प्राप्त कर सकती हैं?

कोई वकील या कानूनी सेवा आपके साथ कानूनी विकल्पों की चर्चा करके मदद कर सकती है, इसमें यह शामिल है कि प्रोटेक्शन ऑर्डर के लिए आवेदन कैसे करें। यदि ज़रूरी हो तो वे आपके साथ पुलिस से भी बात करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया के प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र में महिलाओं की कानूनी सेवाएँ महिलाओं को नि:शुल्क और गोपनीय कानूनी परामर्श प्रदान करती हैं। कुछ राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में घरेलू हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं के लिए विशेषज्ञ कानूनी सेवाएँ हैं। और अधिक जानकारी के लिए wlsa.org.au देखें।

1800RESPECT प्रत्येक राज्य और राज्य-क्षेत्र में समर्थन सेवाओं और कानूनी संसाधनों की एक सूची (अंग्रेज़ी में) प्रदान करती है 1800respect.org.au/help-and-support/violence-and-the-law.

## प्रोटेक्शन ऑर्डर (सुरक्षा आदेश) हासिल करना

यदि टैकनोलजी का प्रयोग करके आपके साथ दुर्व्यवहार, आपको नियंत्रित या भयभीत किया जा रहा है तो आपको कानूनी संरक्षण की ज़रूरत हो सकती है। आप, या आपकी ओर से पुलिस, प्रोटेक्शन ऑर्डर के लिए आवेदन कर सकती है जो आपके साथ दुर्व्यवहार करने वाले व्यक्ति को कुछ निश्चित चीज़ें करने से रोकता है जैसे कि: आपके पास आना, आपसे संपर्क करना, या यह नज़र रखना कि आप कहाँ जाती हैं और क्या करती हैं।

वॉयलेंस या प्रोटेक्शन ऑर्डर की चर्चा करने के लिए अपनी स्थानीय पुलिस से संपर्क करें। यदि आपको ज़रूरत हो तो कोई वकील या कानूनी सेवा भी प्रोटेक्शन ऑर्डर का आवेदन करने में आपकी मदद कर सकती है। ऑस्ट्रेलिया के राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में प्रोटेक्शन ऑर्डर को अलग-अलग नाम से जाना जाता है। आपका वकील या पुलिस आपको यह सलाह देने में सक्षम होगी कि आपके लिए सबसे सही विकल्प कौन का है।

प्रोटेक्शन ऑर्डर की उल्लंघना करना एक अपराध है। आपके द्वारा प्रोटेक्शन ऑर्डर स्थापित किए जाने के बाद, यदि आपको लगता है कि इसकी उल्लंघना की जा रही है तो आपको तुरंत ही पुलिस को इसकी सूचना देनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि आप किन्हीं ऐसी दुर्घटनाओं का रिकॉर्ड रखती हैं जो आपको लगता है कि प्रोटेक्शन ऑर्डर का उल्लंघन करना है ताकि इन रिकॉर्ड्स का प्रयोग प्रमाण के तौर पर किया जा सके।

## सहायता प्राप्त करें

याद रखें! टैकनोलजी द्वारा दुर्व्यवहार करना गलत है और यह आपका कसूर नहीं है। सहायता उपलब्ध है।

यदि आप असुरक्षित महसूस कर रही हैं, तो तुरंत ही **ट्रिपल ज़ीरो (000)** पर फोन करके पुलिस और एमर्जेंसी (आपातकालीन) सेवाओं से संपर्क करें।

यदि आप अंग्रेज़ी नहीं बोलती हैं, तो किसी लैंडलाइन फोन से **ट्रिपल ज़ीरो (000)** पर फोन करें और **'Police (पुलिस)', 'Fire (अग्नि सेवा)'** या **'Ambulance (ऐम्बुलेंस) '** के लिए कहें। कनेक्ट होने के बाद आपके लिए यह ज़रूरी है कि आप लाइन पर बनी रहें और किसी दुभाषिए की व्यवस्था की जाएगी।

यदि यह कोई आपातिक स्थिति नहीं है, तो आपको अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन फोन करना या जाना चाहिए।

अधिक सहायता के लिए, जितनी जल्दी संभव हो सके किसी सुरक्षित फोन या उपकरण से **1800RESPECT** पर संपर्क करें:
**1800 737 732**
1800respect.org.au

**1800RESPECT** पारिवारिक दुर्व्यवहार और यौन दुर्व्यवहार सहित हर प्रकार के दुर्व्यवहार के लिए 24-घंटे, नि:शुल्क और गोपनीय सुरक्षा नियोजन, परामर्श और समर्थन प्रदान करती है। ये आपका संपर्क आपके क्षेत्र की अन्य सेवाओं से भी करा सकती है। अन्य भाषाओं में और अधिक जानकारी, सलाह और वीडियो के लिए 1800respect.org.au/languages/ देखें।